फुटवियर डिज़ाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टिट्यूट
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार
(एफ.डी.डी.आई.अधिनियम २०१७ के अन्तर्गत 'राष्ट्रीय महत्व का संस्थान')
ए-१०/ए, सेक्टर-२४, नोएडा-२०१३०१, उत्तर प्रदेश

एफडीडीआई/मुख्यालय/मानव संसाधन/तदर्थ/2026-27/02 **04 नवम्बर 2026**

जूनियर फैकल्टी की तदर्थ (Ad-hoc) आधार पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन

फुटवियर डिज़ाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (एफडीडीआई), वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक राष्ट्रीय महत्व का संस्थान, अपने मुख्यालय में जूनियर फैकल्टी (तदर्थ आधार) के रूप में नियुक्ति हेतु योग्य, अनुभवी एवं प्रेरित पेशेवरों से आवेदन आमंत्रित करता है।

यह नियुक्ति एफडीडीआई की शैक्षणिक गतिविधियों को अकादमिक एवं प्रशासनिक सहयोग प्रदान करने तथा संस्थान की तात्कालिक आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से की जा रही है।

1. पात्रता मानदंड

स्कूल ऑफ फुटवियर डिज़ाइन एंड प्रोडक्शन (FDP)

डोमेन: कंपोनेंट, लास्टिंग एवं फिनिशिंग

अधिकतम आयु सीमा: 35 वर्ष

आवश्यक शैक्षणिक योग्यता:

i. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से किसी भी विषय में न्यूनतम 55% अंकों के साथ स्नातक अथवा मास्टर डिग्री तथा फुटवियर मैन्युफैक्चरिंग/फुटवियर टेक्नोलॉजी/फुटवियर डिज़ाइन एंड प्रोडक्शन/फुटवियर प्रोडक्शन/एक्सेसरीज़ डिज़ाइन/फुटवियर साइंस एंड इंजीनियरिंग में न्यूनतम एक वर्ष की अवधि का डिप्लोमा।

अथवा

ii. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से फुटवियर मैन्युफैक्चरिंग/फुटवियर टेक्नोलॉजी/फुटवियर डिज़ाइन एंड प्रोडक्शन/फुटवियर प्रोडक्शन/एक्सेसरीज़ डिज़ाइन/फुटवियर साइंस एंड इंजीनियरिंग/इंजीनियरिंग में न्यूनतम 55% अंकों के साथ स्नातक अथवा मास्टर डिग्री।

वांछनीय योग्यता:

उपरोक्त आवश्यक योग्यता के बिंदु (i) के अंतर्गत विज्ञान विषय में डिग्री रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी।

आवश्यक अनुभव:

i. फुटवियर असेंबली (कंपोनेंट/लास्टिंग/फिनिशिंग) के क्षेत्र में न्यूनतम 03 वर्ष का शैक्षणिक एवं/अथवा औद्योगिक अनुभव।

ii. शैक्षणिक अनुभव, यदि कोई हो, तो स्नातक अथवा उससे उच्च स्तर के पाठ्यक्रमों में अध्यापन का होना चाहिए।

वांछनीय अनुभव:

i. फुटवियर उद्योग में असेंबली (कंपोनेंट/लास्टिंग/फिनिशिंग) कार्य का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी।

ii. फुटवियर उद्योग की असेंबली लाइन, बॉटम कंपोनेंट, सोल विभाग अथवा रबर रूम में कार्य करने का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी।

2. नियुक्ति की अवधि

i. प्रारंभिक नियुक्ति अधिकतम 06 माह की अवधि के लिए होगी।

ii. संस्थान की आवश्यकता एवं सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के अधीन प्रत्येक बार अधिकतम 06 माह की अवधि के लिए नवीन नियुक्ति के माध्यम से अवधि बढ़ाई जा सकती है।

3. पारिश्रमिक एवं अन्य सुविधाएँ

- समेकित पारिश्रमिक: ₹50,000/- (रुपये पचास हजार मात्र) प्रति माह।
- अवकाश:

  i. प्रति माह 02 आकस्मिक अवकाश (Casual Leave)।

  ii. अप्रयुक्त आकस्मिक अवकाश वर्तमान छह माह की नियुक्ति अवधि के भीतर आगे ले जाया जा सकता है।

  iii. नियुक्ति अवधि के दौरान उपयोग न किए गए आकस्मिक अवकाश स्वतः समाप्त हो जाएंगे।

  iv. अर्जित अवकाश (Earned Leave) अथवा अवकाश नकदीकरण (Leave Encashment) देय नहीं होगा।

- अन्य शर्तें:

  i. एचआरए, आवास आवंटन, एलटीसी, चिकित्सा प्रतिपूर्ति अथवा अन्य कोई सुविधा देय नहीं होगी, जब तक कि इस विज्ञापन में विशेष रूप से उल्लेखित न हो।

ii. उपलब्धता एवं संस्थान के विवेकाधिकार के अधीन निर्धारित शुल्क पर अस्थायी छात्रावास/आवास उपलब्ध कराया जा सकता है।

iii. यदि आवास आवंटित किया जाता है, तो नियुक्ति समाप्त होने की तिथि से 15 दिनों के भीतर उसे खाली करना होगा।

iv. उपस्थिति एवं आधिकारिक यात्रा से संबंधित एफडीडीआई के नियम लागू होंगे।

4. कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व

नियुक्त जूनियर फैकल्टी:

i. संस्थान की आवश्यकताओं एवं शैक्षणिक उद्देश्यों के अनुरूप निर्धारित दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

ii. हेड एकेडमिक्स एवं/अथवा स्कूल प्रमुख को शैक्षणिक कार्यक्रमों की योजना, समन्वय, क्रियान्वयन, निगरानी एवं समीक्षा में सहयोग प्रदान करेंगे।

iii. शैक्षणिक कार्यक्रमों, परीक्षाओं, कार्यशालाओं, संगोष्ठियों एवं संस्थागत आयोजनों के सुचारू संचालन हेतु संकाय सदस्यों, विद्यार्थियों एवं प्रशासनिक विभागों के साथ समन्वय स्थापित करेंगे।

iv. समय-समय पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा सौंपे गए अन्य कार्यों का निष्पादन करेंगे।

v. एफडीडीआई की सभी नीतियों, नियमों, विनियमों एवं दिशा-निर्देशों का पालन करेंगे।

5. उपस्थिति एवं अनुशासन

i. सामान्यतः प्रति सप्ताह पाँच कार्य दिवसों की उपस्थिति अपेक्षित होगी।

ii. परिचालन आवश्यकताओं के कारण सप्ताहांत अथवा अवकाश के दिनों में भी कार्य हेतु बुलाया जा सकता है।

iii. प्रतिपूरक अवकाश (Comp-Off), जहाँ लागू हो, संस्थान के प्रचलित नियमों के अनुसार प्रदान किया जाएगा।

6. प्रदर्शन समीक्षा

i. सौंपे गए कार्यों एवं उत्तरदायित्वों के निष्पादन की समय-समय पर समीक्षा की जाएगी।

ii. ऐसी समीक्षा को पुनर्नियुक्ति की आवश्यकता के आकलन में ध्यान में रखा जाएगा।

7. चयन प्रक्रिया

चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा।

8. आवेदन प्रक्रिया

इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप में आवेदन निम्नलिखित दस्तावेजों सहित प्रस्तुत करें:

i. विस्तृत बायोडाटा (CV);
ii. शैक्षणिक योग्यता की स्व-सत्यापित प्रतियां;
iii. अनुभव प्रमाण-पत्र;
iv. आयु प्रमाण;
v. अन्य प्रासंगिक सहायक दस्तावेज।

विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर पूर्ण आवेदन पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज एफडीडीआई को प्राप्त हो जाने चाहिए।

9. महत्वपूर्ण निर्देश

i. निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
ii. अपूर्ण अथवा निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत न किए गए आवेदन सीधे अस्वीकृत कर दिए जाएंगे।
iii. केवल शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु बुलाया जाएगा।
iv. पात्रता मानदंड की पूर्ति मात्र से साक्षात्कार अथवा नियुक्ति का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा।

संस्थान बिना कोई कारण बताए इस विज्ञापन में पूर्णतः अथवा आंशिक रूप से संशोधन, परिवर्तन, निरस्तीकरण अथवा वापस लेने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

निर्धारित पात्रता मानदंड पूर्ण करने वाले इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में आवश्यक दस्तावेजों सहित स्पीड पोस्ट द्वारा निम्न पते पर भेजें:

उप प्रबंधक (मुख्यालय-मानव संसाधन) प्रशासनिक ब्लॉक, चौथी मंजिल, कक्ष संख्या 405, फुटवियर डिज़ाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (एफडीडीआई), नोएडा, उत्तर प्रदेश – 201301

संपर्क संख्या: 9355632697

आवेदन विज्ञापन की अंतिम तिथि तक अवश्य प्राप्त हो जाना चाहिए।

नोट: इस विज्ञापन के हिंदी एवं अंग्रेज़ी संस्करण में किसी प्रकार की विसंगति होने की स्थिति में अंग्रेज़ी संस्करण को अंतिम एवं प्रामाणिक माना जाएगा।

****

FOOTWEAR DESIGN & DEVELOPMENT INSTITUTE
Ministry of Commerce & Industry, Government of India
AN INSTITUTION OF NATIONAL IMPORTANCE under FDDI Act 2017

FDDI/HO/HR/Ad-Hoc/2026-27/02 **Date: 04 November 2026**

ADVERTISEMENT FOR ENGAGEMENT OF JUNIOR FACULTY AT HEAD OFFICE ON AD-HOC BASIS

Footwear Design & Development Institute (FDDI), an Institution of National Importance under the aegis of the Ministry of Commerce & Industry, Government of India, invites applications from qualified, experienced, and motivated professionals for engagement as **Junior Faculty (Ad-hoc Basis)** at its Head Office.

The engagement is intended to provide academic and administrative support to the academic functions of FDDI and to address urgent institutional requirements.

1. Eligibility Criteria

School of Footwear Design & Production (FDP)

Domain: Component, Lasting & Finishing
Upper Age Limit: 35 Years

Essential Qualification

i. Bachelor's Degree or Master's Degree (of minimum 02 years duration after Graduation) in any field with minimum 55% marks from a recognized University/Institute; and Diploma (of minimum 01 year duration) in Footwear Manufacturing / Footwear Technology / Footwear Design & Production / Footwear Production / Accessories Design / Footwear Science & Engineering from a recognized University/Institute.

OR

ii. Bachelor's Degree or Master's Degree in Footwear Manufacturing / Footwear Technology / Footwear Design & Production / Footwear Production / Accessories Design / Footwear Science & Engineering / Engineering with minimum 55% marks from a recognized University/Institute.

Desirable Qualification

Preference will be given to candidates with degree in Science, in case of S.No. 1 of essential qualification.

Essential Experience:

i. Academic and/or Industry Experience of at least 03 years in the field of footwear assembly (Components / Lasting / Finishing).
ii. Academic experience, if any, should be of teaching in UG degree or higher academic courses.

Desirable Experience

i. Candidates with experience in assembly (Components / Lasting / Finishing) in the footwear industry will be given preference.
ii. Candidate with experience working in assembly lines/ bottom component/sole department/ rubber room in a footwear industry will be given preference.

2. **Tenure of Engagement**

i. Initial engagement will be for a period of up to **06 months**.
ii. The engagement may be extended, if required, for further periods of up to 06 months at a time through fresh engagement, subject to institutional requirements and approval of the competent authority.

3. **Remuneration & Other Benefits**

- Consolidated Remuneration: ₹50,000/- (Rupees Fifty Thousand only) per month.
- Leave:
  i. Two (02) Casual Leaves per month.
  ii. Unutilized Casual Leave may be carried forward within the current engagement period of six months.
  iii. Casual Leave not availed during the engagement period shall lapse.
  iv. No Earned Leave or Leave Encashment shall be admissible.

Other Conditions

i. No entitlement towards HRA, House Allocation, LTC, Medical Reimbursement, or any other benefits not specifically mentioned herein.
ii. Temporary hostel/house accommodation may be provided, subject to availability and at the discretion of the Institute, on payment of prescribed charges.
iii. Such accommodation, if allotted, shall be vacated within 15 days from the date of discontinuation of engagement.
iv. FDDI attendance rules and travel entitlements for official duties shall be applicable as per the norms of the Institute.

4. Duties and Responsibilities

The engaged Junior Faculty shall:

i. Perform duties and functions pertaining to the assigned role in accordance with institutional requirements and academic objectives.
ii. Assist the Head of Academics and/or Head of School in planning, coordination, implementation, monitoring, and review of academic programmes and related activities.
iii. Liaise with faculty members, students, and administrative departments for smooth conduct of academic programmes, examinations, workshops, seminars, and institutional events.
iv. Undertake any additional responsibilities assigned by the Head of Academics, Head of School, or competent authority from time to time.

v. Adhere to and comply with all policies, rules, regulations, and guidelines of FDDI as amended and notified from time to time.

5. **Attendance and Discipline**

i. The engagement shall ordinarily require attendance for five (05) working days per week.
ii. The engaged person may be required to attend office on weekends or holidays due to operational exigencies.
iii. Compensatory Off (Comp-Off), wherever admissible, shall be governed by the prevailing rules of the Institute.

6. Performance Review

i. Performance and compliance with assigned responsibilities shall be reviewed periodically by the management.
ii. Such reviews shall be taken into consideration while assessing any requirement for re-engagement.

7. Method of Selection

Selection shall be made through **Interview**.

8. Application Process

Interested candidates may submit their applications in the prescribed format along with:

i. Detailed Curriculum Vitae (CV);
ii. Self-attested copies of educational qualifications;
iii. Experience certificates;
iv. Proof of age; and
v. Any other relevant supporting documents.

The completed application, along with all requisite documents, must reach at FDDI **within 15 days from the date of publication of this advertisement**.

9. Important Instructions

i. Applications received after the prescribed date shall not be considered.
ii. Incomplete applications or applications not submitted in the prescribed format shall be summarily rejected.
iii. Only shortlisted candidates shall be called for interview.
iv. Mere fulfillment of eligibility criteria shall not confer any right to be called for interview or engagement.

The Institute reserves the right to modify, amend, cancel, or withdraw this advertisement, either wholly or partly, at any stage without assigning any reason whatsoever.

Interested candidates meeting the prescribed eligibility criteria may ***submit their applications, duly filled in the prescribed format along with supporting documents, through Speed Post addressed to Dy. Manager (HO-HR), Administrative Block, 4th Floor, Room No. 405, FDDI, Noida, Uttar Pradesh – 201301, Contact No. 9355632697***, so as to reach on or before the closing date of the advertisement.

Note: In the event of any discrepancy or inconsistency between the Hindi and English versions of this advertisement, the English version shall prevail and be treated as final and authentic.

*****